त्रैमासिक परीक्षा - 2024

कक्षा 12

विषय – राजीनीति विज्ञान

समयः– 3 घण्टा पूर्णांकः–80

सामान्य निर्देश –

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनमें प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

3. प्रश्न क्रमांक 06 से 15 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं जो प्रत्येक 2 अंक का है।

4. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है जो प्रत्येक 3 अंक का है। (शब्द सीमा – 75 शब्द)

5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है जो प्रत्येक 4 अंक का है। (शब्द सीमा – 120 शब्द)

प्र.1 सही विकल्प चुनिएः– 6

(क) शीतयुद्ध का चरम बिन्दु क्या था ?

(अ) बर्लिन की दीवार (ब) क्यूबा मिसाइल संकट

(स) कोरियाई संकट (द) सोवियत संघ हंगरी हस्तक्षेप

(ख) द्वितीय विश्वयुद्ध की समयावधि क्या थी ?

(अ) 1914–1918 (ब) 1939–1945 (स) 1945–1990 (द) 1990–1999

(ग) 'इंद्र 2017' क्या है ?

(अ) परमाणु रिएक्टर (ब) एक आधुनिक प्रक्षेपास्त्र

(स) रूस और भारत द्वारा संयुक्त सैनिक अभ्यास (द) अमरीका और भारत द्वारा संयुक्त सैनिक अभ्

(घ) स्वतंत्रता के बाद भारत के सामने प्रमुख चुनौती कौन सी थी ?

(अ) लोकतंत्र को बनाए रखना (ब) राष्ट्रनिर्माण

(स) औद्योगिक विकास (द) सामाजिक विकास

(ङ) सुरक्षा का क्या आशय है ?

(अ) आक्रमण से रक्षा (ब) हथियारों का संगठन

(स) परमाणु हथियारों की अनउपलब्धता (द) कानून के उल्लंघनकर्ताओं को दण्ड

(च) निम्नलिखित में से कौन आसियान का सदस्य नहीं है ?

(अ) इंडोनेशिया (ब) सिंगापुर (स) श्रीलंका (द) फिलीपीन्स

**प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए–** 7

(क) संयुक्त राष्ट्रसंघ दिवस...................... को मनाया जाता है।

(ख) पर्यावरणीय समस्याएं तभी समाप्त हो सकती हैं जब मनुष्य स्वयं को ..........................का अंग मान ले।

(ग) सार्क के सदस्य राष्ट्रों की संख्या......................... है।

(घ) समग्र (परमाणु) परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) सन् ............... में संपन्न हुई।

(ङ) संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य उद्देश्य .................. है।

(च) सोवियत संघ द्वारा बनाया गया सैन्य गठबंधन .................था।

(छ) ......................... का आशय है कि विश्व का सिकुड़ना और समग्रता में विश्व की चेतना का तीव्र होना।

प्र.3 निम्नलिखित में सत्य या असत्य लिखिए– 6

(क) सन् 1971 में पाकिस्तान का पूर्वी भाग स्वतंत्र होकर नया राष्ट्र बन गया।

(ख) पारम्परिक रूप से स्वास्थ्य का तात्पर्य आरोग्यता से लिया जाता है ।

(ग) अर्थव्यस्था के उदारीकरण से वैश्वीकरण की प्रक्रिया बाधित हुई।

(घ) सुरक्षा और शांति से जुड़े सभी मसलों का निपटारा सुरक्षा परिषद् में होता है।

(ङ) पर्यावरणीय मापदण्ड के अनुसार देश के भौगोलिक क्षेत्र का 33% भाग वन – क्षेत्र होना चाहिए।

(च) आंध्रप्रदेश राज्य का जन्म सन् 1955 में हुआ।

प्रश्न 4 सही जोड़ी बनाइए :– 6

| 'क' | | 'ख' |
|---|---|---|
| 1. सन् 1991 | (क) | सुरक्षा परिषद् |
| 2. चीन | (ख) | सार्क का सदस्य देश |
| 3. सन् 1965 | (ग) | ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म |
| 4. पांच स्थायी सदस्य | (घ) | खुले द्वार की नीति |
| 5. पाकिस्तान | (ङ) | भारत–पाक युद्ध |
| 6. सरदार वल्लभ भाई पटेल | (च) | देशी रजवाडों का भारतीय संघ में विलय कराने में ऐतिहासिक भूमिका |

प्रश्न 5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए – 7

(क) शीतयुद्ध किन साधनों से लड़ा जाता है ?

(ख) दूसरी दुनिया के देश कौन – कौन से हैं ?

(ग) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ पर है ?

(घ) विश्व बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(ङ) सन् 1972 में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया ?

(च) शरणार्थी समस्या क्या है ?

(छ) भारत के दो पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।

अति लघुत्तरीय प्रश्न

2X10 अंक = 20 अंक

प्र06. द्विध्रुवीकरण का अर्थ लिखिये।

प्र07. सोवियत संघ के विघटन के दो कारण लिखिये।

प्र08. आसियान का पूरा नाम एवं कोई 2 उद्देश्य लिखिये।

प्र09. कारगिल युद्ध का परिणाम लिखिये।

प्र010. दलाई लामा कौन थे।

प्र011. ताशकन्द समझौता किनके मध्य हुआ था।

प्र012. संयुक्त राष्ट्र संघ की वीटो शक्ति है।

प्र013. नीति आयोग क्या है ?

प्र014. भारत की विदेश नीति के 2 लक्षण बताइये।

प्र015. पंचशील सिद्धान्त क्या थे ?

---

लघुत्तरीय प्रश्न

3X4 अंक = 12 अंक

प्र.16 भारत–चीन संबधों में मतभेद के कोई तीन कारण लिखिए।

अथवा

यूरोपीय संघ के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

प्र.17 सुरक्षा परिषद के प्रमुख कार्य लिखिए।

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

प्र.18/ मानवाधिकारों पर संक्षिप्त लेख लिखिए।

अथवा

समग्र (परमाणु) परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) के प्रमुख प्रावधान क्या है ?

प्र.19 पर्यावरण संरक्षण हेतु सुझाव दीजिए।

अथवा

पर्यावरण को सुरक्षित करने हेतु कोई तीन अन्तर्राष्ट्रीय प्रयासों को लिखिए।

विश्लेषणात्मक प्रश्न

4X4 अंक = 16 अंक

प्र.20 दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति एवं सहयोग किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है ?

अथवा

श्रीलंका में ज़ातीय संघर्ष का परीक्षण कीजिए।

प्र.21 गुट निरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए।

अथवा

अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर शीत युद्ध के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

प्र.22 एक स्वाधीन राष्ट्र के रूप में भारत को किन–किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा ?

अथवा

1947 में भारत के विभाजन हेतु कौन से कारणों को आप उत्तरदायी मानते हैं ? प्रत्येक का संक्षिप्त विश्लेषण कीजिए।

प्र.23 संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों के नाम लिखकर बतलाइए कि आपकी दृष्टि में सबसे महत्वपूर्ण अंग कौन सा है ? और क्यों ?

अथवा

"संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधार का अर्थ है सुरक्षा परिषद के ढाँचे में बदलाव।" इस कथन का सत्यापन कीजिए।